राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

(प्लाट नं. – 6, ऐवरेस्ट कॉलोनी, नियर अपेक्स मॉल, लाल कोठी, जयपुर)

क्रमांकःपैरामेडि.कौं / परीक्षा / 2018 / 159 दिनांकः 17/9/18

समस्त प्रधानाचार्य
पैरामेडिकल महाविद्यालय / संस्थान
समबद्ध राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

विषयः– परीक्षा के सम्बन्ध मे।

पैरामेडिकल काउंसिल के सत्र 2016–17 के विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों की सैद्धान्तिक परीक्षाएँ माह जुलाई 2018 में सम्पन्न हुई थी जिसके पश्चात् अभी हाल में इन सभी विद्यार्थियो की प्रायोगिक परीक्षाएँ राज्य के विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों में ली जा रही हैं।

विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से प्राप्त अनौपचारिक फीडबैक के अनुसार पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों के छात्रों की अपनी विषयो के सम्बन्ध में बहुत ही कमजोर तैयारी रही है जो न केवल छात्रों के स्तर पर बल्कि आपके महाविद्यालय के स्तर पर भी अत्यन्त कमजोर प्रयासों को प्रकट करता है यह स्थिति पैरा मेडिकोज के कार्य की गम्भीरता एंव महत्व को देखते हुए चिन्ता का विषय है।

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों को पूर्ण गम्भीरता से लेते हुए छात्रों को अपेक्षित तैयारी करवायें।

सत्र 2015–16 के द्वितीय वर्ष एंव सत्र 2017–18 के प्रथम वर्ष के छात्रों की सैद्धान्तिक परीक्षाएँ बहुत शीघ्र माह अक्टुबर 2018 में ही सम्भावित है तथा उसके अविलम्ब पश्चात प्रायोगिक परीक्षाएँ आयोजित होंगी। आप इस अल्प अवधि में अपने महाविद्यालय के छात्रों की अतिरिक्त कक्षाएँ आदि लगाकर पूर्ण तैयारी करवाया जाना सुनिश्चित करें।

इस कार्य को अत्यन्त गम्भीरता से लिया जाये। निकट भविष्य में परिषद द्वारा प्रायोगिक परीक्षाओं में प्रदर्शन, परीक्षा परिणाम डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों के गुणवत्ता स्तर तथा अन्य मापदण्डो के आधार पर महाविद्यालियों का वर्गीकरण किया जाकर परिषद् की वैबसाईट पर प्रदर्शित किया जायेगा तथा सभी मापदण्डों में खराब प्रदर्शन करने वाले महाविद्यालयों से पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों की मान्यता समाप्त करने तक की कार्यवाही की जा सकती है।

(जय सिंह)
RAS
रजिस्ट्रार

क्रमांकःपैरामेडि.कौं / परीक्षा / 2018 / 159 दिनांकः 17/9/18

प्रतिलिपी निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, अति. मुख्य सचिव महोदया, चि.स्वा.एंव प.क. विभाग राजस्थान, जयपुर।
2. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौसिंल, जयपुर।
3. परीक्षा नियंत्रक राजस्थान पैरामेडिकल कौसिंल, जयपुर।
4. निजी सचिव, रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरामेडिकल कौसिंल, जयपुर।
5. सर्वर रूम एजेन्सी, राजस्थान पैरामेडिकल कौसिंल, जयपुर का भेजकर लेख है कि उपर्युक्त पत्र आज ही कौसिंल की वैबसाईट पर अपलोड करे।
6. निजी एंव रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार